भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5495

25.03.2026 को उत्तर देने के लिए

नासिक जिले में इंस्पायर योजना

†5495. श्री राजाभाऊ पराग प्रकाश वाजेः

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान शामिल किए गए विद्यालयों, महाविद्यालयों और छात्रों की संख्या सहित महाराष्ट्र के नासिक जिले में इंस्पायर योजना के कार्यान्वयन की स्थिति का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इंस्पायर के अंतर्गत "मूल विचार" प्रस्तुत करने में नासिक के ग्रामीण, जनजातीय और सरकारी विद्यालयों की कम भागीदारी का आकलन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इन्स्पायर पुरस्कारों की संख्या का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में नासिक के छात्रों को कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(घ) नासिक में परामर्श, इन्क्यूबेशन, प्रयोगशाला पहुंच और उद्योग संपर्कों को सुदृढ़ करने के लिए क्या विशिष्ट कदम उठाए जाने पर विचार किया जा रहा है ताकि इंस्पायर पुरस्कार विजेता अपने नवाचारों को मापनीय, सामाजिक रूप से प्रासंगिक समाधानों में परिवर्तित कर सकें?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) अभिप्रेरित अनुसंधान के लिए विज्ञान में नवाचार (इंस्पायर) योजना विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार की एक राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य प्रतिभाशाली युवाओं को मूलभूत और प्राकृतिक विज्ञानों का अध्ययन करने तथा इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कृषि, और पशु चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान करियर अपनाने के लिए आकर्षित करना है, जिससे देश के अनुसंधान और विकास आधार को सुदृढ़ किया जा सके। यह योजना विभिन्न शैक्षिक चरणों में कई घटकों के माध्यम से संचालित होती है। इंस्पायर-मानक (मिलियन माइंड्स ऑगमेंटिंग नेशनल एस्पिरेशन एंड नॉलेज) कक्षा VI-XII में अध्ययनरत 10-17 वर्ष की आयु के छात्रों को लक्षित करती है, जिसमें नवीन विचारों और वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित किया जाता है; स्कूल ई-एमआईएएस पोर्टल के माध्यम से प्रतिवर्ष अधिकतम पाँच छात्रों को नामित कर सकते हैं, और चयनित छात्रों को उनके प्रोजेक्ट्स को विकसित करने तथा जिला, राज्य, और राष्ट्रीय प्रदर्शनों में प्रस्तुत करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से 10,000 रुपये प्राप्त होते हैं। इंस्पायर इंटर्नशिप कक्षा X पर बोर्ड स्तर के लगभग 50,000

शीर्ष 1% छात्रों के लिए पाँच-दिवसीय आवासीय विज्ञान शिविरों की व्यवस्था करता है, जिससे उन्हें अग्रणी वैज्ञानिकों और नोबल पुरस्कार विजेताओं के साथ संवाद करने का अवसर मिलता है और उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति (शी) 17-22 वर्ष की आयु के प्रतिभाशाली छात्रों को प्रति वर्ष 80,000 रुपये की 12,000 छात्रवृत्तियां प्रदान करके मूलभूत और प्राकृतिक विज्ञान में स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के साथ-साथ मार्गदर्शन के अवसर भी प्रदान करती है। महाराष्ट्र के नासिक जिले में इंस्पायर योजना के कार्यान्वयन की स्थिति का विवरण, जिसमें विगत पाँच वर्षों के दौरान शामिल किए गए स्कूलों, कॉलेजों और छात्रों की संख्या सम्मिलित है, नीचे दिया गया है:

वित्तीय वर्ष	इंस्पायर-मानक		इंस्पायर-शी	
	भाग लेने वाले विद्यालयों की कुल संख्या	भाग लेने वाले छात्रों की कुल संख्या	भाग लेने वाले कॉलेजों की कुल संख्या	भाग लेने वाले छात्रों की कुल संख्या
2021-22	681	2339	7	16
2022-23	572	1928	3	7
2023-24	572	1981	5	8
2024-25	881	3454	5	7
2025-26 (20.03.2026 के अनुसार)	838	3188	5	6

(ख) सरकार ने नासिक जिले के ग्रामीण, आदिवासी और सरकारी संस्थानों के छात्रों और विद्यालयों द्वारा इंस्पायर-मानक योजना के अंतर्गत "मौलिक विचार" प्रस्तुत करने में उनकी सहभागिता की सीमा की समीक्षा की है। इस सहभागिता का विवरण निम्नलिखित है:

वित्तीय वर्ष	भाग लेने वाले विद्यालयों की कुल संख्या	भाग लेने वाले छात्रों की कुल संख्या	ग्रामीण क्षेत्र से भाग लेने वाले छात्रों की कुल संख्या	ग्रामीण क्षेत्र से भाग लेने वाले विद्यालयों की कुल संख्या
2021-22	681	2339	1854	537
2022-23	572	1928	1531	463
2023-24	572	1981	1507	442
2024-25	881	3454	2618	669
2025-26 (20.03.2026 के अनुसार)	838	3188	2368	630

नासिक जिले से भाग लेने वाले स्कूलों की श्रेणी-वार संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

विद्यालय की श्रेणी/ वित्तीय वर्ष	वर्ष 2021-22	वर्ष 2022-23	वर्ष 2023-24	वर्ष 2024-25	वर्ष 2025-26 (20.03.2026 के अनुसार)
केंद्र सरकार	2	4	4	1	3
राज्य सरकार	87	71	49	99	98
स्थानीय निकाय	73	70	42	67	51
निजी सहायता प्राप्त निकाय	439	353	395	596	574
निजी गैर-सहायता प्राप्त निकाय	73	69	74	110	105
अन्य	7	5	8	8	7

(ग) नासिक जिले के छात्रों को प्रदान किए गए इंस्पायर पुरस्कारों की संख्या तथा स्वीकृत कुल धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	चयनित इंस्पायर पुरस्कारों की कुल संख्या	स्वीकृत कुल धनराशि (लाख रुपये में)
2021-22	378	37.80
2022-23	133	13.30
2023-24	179	17.90
2024-25	317	31.70
2025-26 (20.03.2026 के अनुसार)	270	27.00

(घ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि नासिक जिले सहित पूरे देश में इंस्पायर-मानक पुरस्कार विजेता अपने विचारों को व्यापक और सामाजिक रूप से प्रासंगिक नवाचारों में परिवर्तित करने में सक्षम हों, कुछ विशेष लक्षित कदम उठाए गए हैं। प्रत्येक चयनित छात्र को प्रस्तुत विचार का प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए 10,000 रुपये प्राप्त होते हैं। छात्र मार्गदर्शन और प्रोटोटाइप विकास सहायता के लिए अटल टिंकरिंग लैब्स (एटीएल) का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी और प्रोजेक्ट प्रतियोगिता (एनएलईपीसी) हेतु चयनित छात्रों के लिए आईआईटी और एनआईटी जैसे प्रमुख संस्थानों के सहयोग से मार्गदर्शन कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। राज्य स्तरीय विजेताओं को उनके प्रोटोटाइप को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने के लिए और अधिक परिष्कृत करने हेतु वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित छात्रों को इनक्यूबेशन सहायता दी जाती है, जिसमें पेटेंट फाइलिंग में सहायता और तकनीकी मूल्य संवर्धन शामिल है, ताकि वे अपने नवाचारों को आगे विकसित कर सके और उन्हें बड़े पैमाने पर लागू होने योग्य और सामाजिक रूप से प्रासंगिक समाधानों में बदल सकें।

*****